20/08/2024

आकाशवाणी ईटानगर

प्रसारण समय - संध्या - 07:45 बजे

संघ लोक सेवा आयोग - यूपीएससी ने लेटरल एंट्री से जुडा विज्ञापन रद्द कर दिया है। इससे पहले केंद्र सरकार ने यूपीएससी को ब्यूरोक्रेसी में लैटरल एंट्री से संबंधित विज्ञापन को रद्द करने के निर्देश दिए थे। हाल ही में यूपीएससी ने केंद्रीय मंत्रालयों में पैतालीस संयुक्त सचिव, निदेशक और उप सचिवों को नियुक्त करने से संबंधित एक विज्ञापन जारी किया था। विपक्षी पार्टियों ने इस विज्ञापन पर प्रश्न उठाए थे। केंद्रीय कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग मंत्री डॉ.जितेन्द्र सिंह ने यूपीएससी की अध्यक्ष प्रीति सूदन को लिखे पत्र में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मानना है कि लैटरल एंट्री की प्रक्रिया संविधान में समानता और सामाजिक न्याय के सिद्धातों विशेषकर आरक्षण के प्रावधानों के अनुरूप होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक रोजगार में आरक्षण सरकार के सामाजिक न्याय ढांचे का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। अपने पत्र में डॉ. सिंह ने 2005 में वीरप्पा मोइली की अध्यक्षता में दूसरे प्रशासनिक सुधार आयोग द्वारा समर्थित लैटरल एंट्री का उल्लेख किया। वहीं, सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि लेटरल एंट्री को आरक्षण के प्रावधानों के साथ जोड़ने का निर्णय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सामाजिक न्याय के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। श्री वैष्णव ने कहा कि प्रधानमंत्री हमेशा सामाजिक न्याय में विश्वास रखते हैं और उनके कार्यक्रमों ने समाज के कमजोर वर्गों के कल्याण को आगे बढ़ाया है।

0000000000000000

भारत और मलेशिया ने श्रम और रोजगार, आयुर्वेद तथा परंपरागत औषधि, डिजिटल प्रौद्योगिकी, संस्कृति, पर्यटन और युवा तथा खेल सहयोग, जन प्रशासन, शासन सुधार और आपसी सहयोग के क्षेत्र में समझौतों पर हस्ताक्षर किए। इन समझौतों पर नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मलेशिया के प्रधानमंत्री दातो सेरी अनवर बिन इब्राहिम के बीच हुई शिष्टमंडल स्तर की वार्ता के बाद हस्ताक्षर किए गए। 0000000000000000

ऑल अरुणाचल प्रदेश स्टूडेंट्स यूनियन - आपसू के अध्यक्ष दोजी ताना तारा के नेतृत्व में संघ के प्रतिनिधि मंडल ने राज्य सचिवालय ईटानगर में मुख्यमंत्री पेमा खाण्डू से मुलाकात की। बैठक के दौरान राज्य की इंडिजिनस ट्राइब्सस के हितों की रक्षा के लिए इनर लाइन परमिट आईएलपी सिस्टम को मजबूत करने पर जोर दिया गया। गौरतलब है कि आईएलपी गैर अरुणाचली नागरिकों राज्य में प्रवेश करने के लिए एक निर्धारित समय का सरकार द्वारा जारी ऑफिशियल डक्यूमेंट है। बैठक में राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे। इस अवसर पर प्रदेश में अन्य राज्य के लोगों की गैर कानूनी प्रवेश को रोकने के लिए संबंधित विभागों को बेहतर तालमेल के साथ आईएलपी की जाँच करने पर बल दिया गया। अपने एक ट्वीट में मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के मूल नागरिकों के हितों के रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है और सभी हितधारकों से प्राप्त सुझावों को ध्यान में रखते हुए जरूरी कदम उठा रही है।

0000000000000000

उपमुख्यमंत्री चाउना मेन ने कहा है कि राज्य सरकार प्रदेश में खेलों को बढ़ावा देने के लिए स्टेडियम के निर्माण और खिलाड़ियों को जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। नामसाई में लि-निंग दोरजी खाण्डू मेमोरियल स्टेट बैडमिंटन चैंपियनशिप के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री ने बताया कि स्टेट ऑफ द आर्ट फेसिलिटीज से लैस फुटबॉल ग्राउंड के साथ ही प्रदेश के एथलिट्स के लिए भी स्टेडियम में सुविधाएं विकसित करने के प्रोजेक्ट्स को जल्द पूरा करने का प्रयास किया जा रहा है।

0000000000000000

अरुणाचल प्रदेश के पीएचइ और जल आपूर्ति मंत्री मामा नातुंग ने नई दिल्ली में  केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी. आर पाटिल से मुलाकात की। बैठक के दौरान उन्होंने केंद्रीय मंत्री से जल जीवन मिशन के तहत अरुणाचल की परियोजनाओं के लिए लंबित धन राशि को जल्द रिलीज करने का आग्रह किया। केंद्रीय जल शक्ति मंत्री ने अगले दो महीने में अरुणाचल को जेजेएम फंड से पांच सौ अट्ठारह करोड़ रुपए जारी करने का आश्वासन दिया है। बैठक के दौरान विधायक एलिंग ताल्लांग, पीएचइ एंड वाटर सप्लाई विभाग के आयुक्त पवन कुमार सैन भी मौजूद थे। गृह मंत्री और जल आपूर्ति मंत्री मामा नातुंग ने नई दिल्ली में केंद्रीय संसदीय और अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू से भी मुलाकात की।

0000000000000000

अरुणाचल प्रीमियर लीग टी-20 टूर्नामेंट अगले महीने के पहले सप्ताह में उत्तर प्रदेश के नोएडा में शुरु होगा। क्रिकेट में राज्य की प्रतिभा को प्रदर्शित करने के लिए अरुणाल क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा सितंबर महीने में यह प्रतियोगिता आयोजित की जायेंगी। अरुणाचल क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव नाबम विवेक ने राजधानी क्षेत्र ईटानगर में स्थित संघ के कार्यालय में प्रेस ब्रीफिंग के दौरान इस प्रतियोगिता के सेंकेंड एडिशन के बारे में जानकारी दी।

0000000000000000

तागिन कल्चरल सोसायटी के अध्यक्ष लारजी रिगिया ने सोसायटी के एक्जिक्यूटिव मेंबर्स के साथ अपर सुबनसिरी जिले के गवर्नमेंट सेकेंड्री स्कूल, सिप्पी और लिडा का दौरा किया और स्कूल में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए कम्पूटर सिस्टम प्रदान किया। उन्होंने शिक्षकों के साथ बातचीत में ईमानदारी के साथ ड्यूटी करने और क्वालिटी एजुकेशन के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देने का आह्वान किया। सरकार के आह्वान पर तागिन कल्चरल सोसायटी ने जिले के चार स्कूलों को एडॉप्ट किया है और इन स्कूलों में बेहतर शिक्षा के लिए जरूरी इंफ्रास्ट्रक्चर में सोसायटी अपना योगदान दे रही है।

0000000000000000

अरुणाचल प्रदेश स्टेट डिजास्टर मैनेजमेंट अथॉरिटी ने ग्लेसियल लेक आउटबर्स्ट फ्लड की संभावनाओं का पता लगाने और इससे निपटने के लिए इन झीलों तक पहुंचने के बारे में जानकारी के लिए पहली बार तवांग और दिबांग वैली जिले के छह सबसे अधिक खतरे वाले ग्लेसियल लेक के अध्ययन के लिए एक टीम रवाना किया है।

यह टीम अरुणाल प्रदेश के पांच जिलों में स्थित सत्ताईस सबसे अधिक खतरे वाले झीलों में से तवांग और दिबांग वैली जिले के तीन सबसे खतरे वाले झीलों का अध्ययन करेगी। चौदह सदस्यीय दल अनिनि से आज मिपि में दो ग्लेसियल लेक के अध्ययन के लिए रवाना हुई। तवांग के मागो के पास लेक अध्ययन करने के लिए जिला उपायुक्त कांकि दारांग के नेतृत्व में एक दल सोमवार को रवाना हुआ।

00000000000000000

मौसम विभाग ने नॉर्थ ईस्ट रिजन में कई स्थानों पर चौबीस अगस्त तक भारी वर्षा का अनुमान व्यक्त किया है। मौसम विभाग ने अरुणाचल प्रदेश के तिरप, लोंगडिंग, नामसाई, चांगलांग, लोअर सियांग, ईस्ट कामेंग, पापुमपारे, वेस्ट कामेंग, लोअर सुबनसिरी, शीयोमी और केयि पान्योर जिले में चौबीस अगस्त तक भारी वर्षा होने का अनुमान जताया। 00000000000000000